Regarding need to start a railway line from Akbarpur junction to Tanda in Ambedkar Nagar

श्री रितेश पाण्डेय **(**अम्बेडकर नगर**):** माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र अम्बेडकरनगर के अंतर्गत टांडा विधान सभा क्षेत्र बुनकर बाहुल्य इलाका है। यहां प्रति माह हजारों ट्रक कपड़े का उत्पादन होता है और हजारों टन यार्न भी आता है।

महोदय, अकबरपुर जंक्शन से टांडा तक एक रेलवे लाईन जाती है, जिस पर एनटीपीसी की कोयले की गाड़ी माल ढोने का काम करती है। वन डिस्ट्रिक्ट**,** वन प्रोडक्ट में अम्बेडकनगर को बुनकर के लिए चुना गया है। मेरी आपके माध्यम से अम्बेडकरनगर के बुनकरों के लिए प्रार्थना है, हर घर में एक से दो लूम चलते हैं, जब इस माल को बाहर भेजते हैं तो यातायात का भारी खर्च उठाना पड़ता है। यह माल अम्बेडकरनगर से मेन ट्रेन लाईन के मिलने से पूरे देश में जा सकता है। टांडा से सिर्फ मालगाड़ी ही जाती है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस रेलवे लाईन पर एक पैसेंजर ट्रेन चलाई जाए ताकि अम्बेडकरनगर के बुनकरों को सुविधा मिले और वे पूरे देश के बाजार से जुड़ सकें। उनका माल सस्ते तरीके से बाजार तक पहुंच सके। इससे वे प्रतिस्पर्द्धा कर सकेंगे।

महोदय, मेरी आपसे गुजारिश है कि इस रेलवे लाईन को संचालित किया जाए और अम्बेडकनगर के बुनकरों को राहत दिलाई जाए।